# महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद ने विभिन्न कार्यो की स्वीकृति प्रदान की

भिलाईनगर। आज नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बिन्दुवार 9 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जोन क्रं. 01 गोकुल नगर क्षेत्रांतर्गत शहर के सभी खटालों को स्थानांतरित करना था। वर्तमान में लगभग 168 खटालें संचालित हो रही है, अन्य खटालों को भी वहां पर व्यवस्थित करना है। इसलिए रोड नाली सौंदर्यीकरण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का उन्नयन कार्य आदि के लिए प्राक्कलन तैयार कर शासन को राशि 441.76 लाख की स्वीकृति हेतु भेजे जाने के लिए अनुसंशा प्रदान की गई। निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैस्लिटी के लिए शेड निर्माण कार्य को विस्तृत चर्चा कर समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु सर्व सम्मति से पारित किया गया।

जोन क्रं. 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण कार्य को विस्तृत जानकारी के साथ पुनः महापौर परिषद में प्रस्तुत करने को कहा गया। विधायक वैशाली नगर द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र में 9 अधोसरंचना मद एवं 02 राज्य प्रवर्तित मद के कार्य को स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने एवं स्वीकृति के प्रत्याशा में महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया, चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। फिल्टर प्लांट से निकलने वाले वेस्ट वाटर सिंचाई एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव लाया गया था, जिसे विचार के बाद परिषद के सदस्यों द्वारा सराहना किये गये और दिये गये सुझाव के अनुसार पुनः प्रस्ताव बनाकर लाने हेतु कहा गया।जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु शासन द्वारा 7 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो गया है। जिसका डी.पी.आर. तैयार कर सामान्य सभा में रखे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जोन क्रं. 02 वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु कार्य कराये जाने का वैशाली नगर विधायक द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है। जिसे अधोसरंचना मद से स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने बाबत। स्वीकृति उपरांत निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया था, जिसे परिषद के सदस्यों के विचार विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की। महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती नेहा साहू, मालती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

